卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्॥
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये॥

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 4 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦10 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## मोदी के आगमन से पर्यटन को लगेंगे पंख: धामी

### पीएम मोदी के उत्तराखंड दौरे में बदलाव,पहले आदि कैलाश फिर जायेंगे जागेश्वर धाम

पिथौरागढ़/अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 12 अक्तूबर को पिथौरागढ़ के दौरे पर आ रहे हैं। आज जनसभा की तैयारियों का जायजा लेने सीएम धामी भी पिथौरागढ़ पहुंचे और उच्चाधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं का स्थालीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए खुशी का मौका है कि पीएम उत्तराखंड आ रहे हैं। पीएम आदि कैलाश, पार्वती कुंड और जागेश्वर का दौरा करेंगे। पिथौरागढ़ में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। साथ ही कई योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। सीएम ने कहा कि पीएम के दौरे से उत्तराखंड में पर्यटन को पंख लगेंगे। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी एवं कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी भी मौजूद रहे। वहीं बताया जा रहा है कि पीएम मोदी के दौरे में आंशिक बदलाव किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले पिथौरागढ़ पहुंचकर आदि कैलाश के दर्शन करेंगे फिर जागेश्वर धाम जाएंगे। बाबा जागनाथ का आशीर्वाद लेने के बाद पीएम फिर पिथौरागढ़ पहुंचेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। सूत्रों के मुताबिक आदि कैलाश में बादल या धुंध छाने के आसार देखते हुए पीएम के कार्यक्रम में आंशिक बदलाव किया गया है। यहां जिला मुख्यालय में जनसभा के साथ ही अल्मोड़ा के जागेश्वर दौरे का कार्यक्रम प्रस्तावित है। पीएम का पहले जागेश्वर धाम में पूजा-अर्चना का कार्यक्रम तय था। उनके हेलीकॉप्टर की शौकियाथल में सुबह करीब 7:35 की( शेष पेज सात पर )





## एनएच चौड़ीकरण की जद मे आ रहे व्यापारियों को मिल सकती है राहत

### सीएम धामी ने लोनिवि सचिव को दिए निर्देश

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर में नैनीताल हाईवे के चौड़ीकरण की जद में आ रहे व्यापारियों को राहत मिल सकती है।भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा के अनुरोध पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोक निर्माण विभाग के सचिव को मामले में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। बता दें नैनीताल हाइवे पर इंदिरा चौक से अटरिया मंदिर मोड़ तक सड़क को डिवाइडर से 100-100 फीट चौड़ा करने का प्रस्ताव बनाया गया है जिसके लिए लोक निर्माण विभाग में तैयारी शुरू कर दी। है। बीते दिनों इसके लिए लोक निर्माण विभाग ने चिन्हीकरण भी किया था जिसके चलते कई व्यापारियों की दुकानों पर खतरा मंडरा रहा है। इस मामले को लेकर प्रभावित व्यापारियों ने भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा से मिलकर गुहार लगाई थी जिस पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने व्यापारियों को राहत दिलाने के लिए देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके निवास पर मुलाकात की और पूरे प्रकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने मुख्यमंत्री को बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा रूद्रपुर नगर में इन्द्रा चौक से अटरिया मंदिर रोड, आवास विकास तक रोड के मध्य से दोनों साइड 100- 100 फिट निर्माण का कार्य प्रस्तावित हुआ है। दोना ओर की सर्विस रोड तथा मुख्य सड़क के मध्य दोनों तरफ 9 मीटर पार्क बनाये जाने प्रस्तावित हुए है। दोनों तरफ पार्क बनाये जाने से दोनों साइड के व्यापारियों की दुकाने / भवन अधिग्रहण किये जाने है जिनमे( शेष पेज सात पर )



## हादसे में घायल आईजीएल कर्मी की इलाज के दौरान मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल फैक्ट्री कर्मी की उपचार के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। ज्ञातव्य है कि ग्राम मंशीपुर, तहसील स्वार, जनपद रामपुर, उत्तर प्रदेश निवासी प्रदीप मौर्या 25 वर्ष पुत्र अशोक मौर्य बाजपुर रोड स्थित आईजीएल फैक्ट्री में पिछले लगभग 8 वर्षों से ठेकेदार पवन कपूर के अंडर में बॉटलिंग प्लांट में ऑपरेटर के पद पर नौकरी करता है। बताया गया कि बीते 3 सितंबर को ड्यूटी के दौरान गेटपास लेकर सुबह लगभग 11:00 बजे जरूरी कार्य वश स्प्लेंडर मोटरसाइकिल संख्या यूके 18 डी/8115 पर सवार होकर वह फोरलेन से होते हुए कहीं जा रहा था इसी दौरान ग्राम परमानंदपुर के पास फोरलेन पर गंभीर तरीके से घटित दुर्घटना की चपेट में आकर श्रमिक बुरी तरह लहुलुहान हो गया। परिजनों को जैसे ही इसका पता चला उन्होंने बेहद नाजुक हालत में घायल युवक को गवर्नमेंट हॉस्पिटल पहुंचाया यहां उसकी हालत को नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने जब हाथ खड़े कर दिए तो उसे तत्काल मुरादाबाद रोड स्थित( शेष पेज सात पर )



## सैकड़ों रोगियों ने कराई जांच

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काया आयुर्वेद हॉस्पिटल एवं रिचर्च सेंटर भुजियाघाट मे आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर मे सकड़ों रोगियों ने स्वास्थ्य जांच कराई। चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ चेयरमेन रमेश पाल ने किया। जिसमे 350 रोगियों की निशुल्क जाँच एवं 6 आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ ने परामर्श दिया।



चिकित्सा अधीक्षक डॉ विनय खुल्लर ने बताया कि शिविर मे नि:शुल्क शूगर, ब्लड प्रेशर, बी घ्म डी, न्यूरोपेथी, हृदय जाँच ईसीजी के साथ ही सभी को नि:शुल्क दवाई दी गई। रोगियों को विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ अजय पाल (अस्थि रोग विशेषज्ञ), डॉ विनय खुल्लर, डॉ एनके मेहता, डॉ प्रिय रंज्जन तिवारी, डॉ रौनक मुंशी, डॉ शिवम् कटियार, डॉ प्रीति तिवारी ने नि:शुल्क परामश( शेष पेज सात पर )

## चुनाव की तैयारियों में जुटें कार्यकर्ता : महारा

### कांग्रेस का कुमाऊँ मंडल स्तरीय सम्मेलन आयोजित,प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत

काशीपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के प्रथम बार काशीपुर पहुंचने पर यहां समूचे महिला कांग्रेस से जुड़ी कार्यकत्रियों ने प्रदेश अध्यक्ष का अभूतपूर्व स्वागत किया। इस दौरान उदय राज हिंदू ने एकजुटता पर बल देते हुए 2024 के संसदीय चुनावों एवं निकाय चुनाव की तैयारियों में जुट जाने की अपील की। अतिथि गृह में भारी तादात में पहुंचे पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का फूल मालाओं से स्वागत





कुमाऊं के तमाम जिलों से पहुंचे पार्टी विधायक, पूर्व विधायक, जिला अध्यक्षों कार्यकर्ताओं के अलावा सेवा दल एवं इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रेक्षा ग्रह में आयोजित कुमाऊँ मंडल स्तरीय सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा आज सुबह कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का काफिला नियत समय पर मुरादाबाद रोड स्थित नवीन कृषि मंडी पहुंचा। यहां किया। इसके बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का विशाल कारवां मोटरसाइकिल रैली के साथ कार्यक्रम( शेष पेज सात पर )

## उत्तराखंड में जियोलॉजिकल ‘सर्वे’ से खुले नए उद्योग के ‘द्वार’

-अर्श-

### पिथौरागढ़ जिले में मिला लाइमस्टोन का विशाल भंडार,राज्य में पहली सीमेंट फैक्ट्री की स्थापना के आसार बढ़े
### सीमेंट फैक्ट्री से मिल सकता है हजारों लोगों को रोजगार,पीएम की जनसभा हो सकती है सीमेंट फैक्ट्री की घोषणा

ऊधम सिंह नगर। वैसे तो उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि और पर्यटन पर निर्भर रही आई है ,लेकिन उत्तराखंड के निर्माण के बाद से ही राज्य के नीति नियंताओं ने इस सत्य को भांप लिया था, कि केवल कृषि और पर्यटन पर ही निर्भर रहने भर से, उत्तराखंड को बीमारू और आर्थिक दृष्टि से पिछड़े राज्य की श्रेणी से निकालकर विकसित राज्य नहीं बनाया जा सकता ,वरन इसके लिए उत्तराखंड में तमाम छोटे- बड़े उद्योगों का स्थापित होना भी नितांत आवश्यक है। कदाचित यही कारण है कि राज्य निर्माण के तुरंत बाद ही उत्तराखंड के मैदानी जिलों में सिडकुल की स्थापना कर तमाम छोटे- बड़े उद्योगों का जाल बिछाया गया। नतीजतन आज उत्तराखंड पर्यटन के अलावा उद्योगों के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार ने गुजरे सालों में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अनेक नई नीतियां तो बनाई ही है, साथ ही उत्तराखंड में नवीन उद्योगों की स्थापना के लिए अनुकूल माहौल भी तैयार किया है , जिससे निवेशकों की भी प्रदेश में उद्योग लगाने में दिलचस्पी बढ़ी है। इसी कड़ी में प्रदेश में अब जल्द ही पहली सीमेंट की फैक्ट्री लगने के आसार प्रबल हो रहे हैं । यह सीमेंट फैक्ट्री उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थापित हो सकती है । वह इसलिए क्योंकि सीमेंट उद्योग के लिए कच्चे माल के रूप में जिस लाइम स्टोन की जरूरत होती है, पिथौरागढ़ में उसके पर्याप्त भंडार मिले हैं। बताना होगा कि जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने पिछले साल पिथौरागढ़ और उसके आसपास के क्षेत्र का भूगर्भीय सर्वे किया था। जियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया ने विस्तृत जांच के बाद इन दोनों स्थानों में पर्याप्त लाइमस्टोन होने की पुष्टि की है। सर्वे के अनुसार गंगोलीहाट में 800 और पिथौरागढ़ शहर से लगे करीब 900 हेक्टेयर क्षेत्र में लाइमस्टोन का भरपूर भंडार है । लाइमस्टोन के भंडार ने सीमेंट कंपनियों को अपनी ओर आकर्षित किया है और देश के कई बड़े उद्योग समूहों ने यहां सीमेंट उत्पादन के लिए पिथौरागढ़ में सीमेंट फैक्ट्री स्थापित करने मे दिलचस्पी दिखाई है। पिथौरागढ़ के गंगोलीहाट में करीब 1700 हेक्टेयर क्षेत्र में मिले लाइमस्टोन के विशाल भंडार की क्वालिटी गुणवत्ता परीक्षण के लिए, विगत दिनों देश की कई जानी-मानी सीमेंट फैक्ट्री के प्रतिनिधियों ने पिथौरागढ़ का( शेष पेज सात पर )

# आदि कैलाश पर्वत के दर्शन के बाद स्थानीय लोगों की संस्कृति से रूबरू होंगे पीएम मोदी

## पीएम के दौरे को लेकर आदि कैलाश व्यू प्वाइंट को रेड कार्पेट से सजाया

पिथौरागढ़(उद संवाददाता)। पीएम मोदी के दौरे के लिए लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। जहां एक ओर प्रशासन पीएम के दौरे



को लेकर तैयारियों में जुटा है तो वहीं बीजेपी भी पीएम की जनसभा की तैयारियां कर रही है। वहीं आदि कैलाश व्यू प्वाइंट को रेड कार्पेट से सजाया गया है। पीएम मोदी की जनसभा में उत्तराखंड कैबिनेट के सभी मंत्री मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिथौरागढ़ दौरे पर आने के लिए जिसके लिए तैयारियां जोरों पर हैं। 12 अक्तूबर को पिथौरागढ़ में आयोजित होने वाली जनसभा में पीएम मोदी के साथ उत्तराखंड की कैबिनेट भी मौजूद रहेगी। कैबिनेट के सभी मंत्री पिथौरागढ़ में मौजूद रहेंगे। पीएम मोदी आदि कैलाश के दर्शन के बाद स्थानीय लोगों की संस्कृति से रूबरू होंगे। जिसके बाद पीएम मोदी पिथौरागढ़ स्थित नैनीसैनी हवाई पट्टी पहुंचेंगे। जहां पीएम का स्वागत भाजपा के 20 नेता करेंगे। इसके बाद पीएम एसएस वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी पहली बार पिथौरागढ़ दौरे पर नहीं आ रहे हैं। इस से पहले भी पीएम दो बार पिथौरागढ़ में जनसभा को संबोधित कर चुके हैं। साल 2009 और साल 2017 में पीएम पिथौरागढ़ आ चुके हैं। 2009 में जब पीएम मोदी गुजरात के सीएम थे तब पिथौरागढ़ में चुनावी जनसभा को संबोधित किया था। इसके बाद साल 2017 में उन्होंने स्टेडियम से जनता को संबोधित किया था।

### पीएम का चंपावत में रात्रि विश्राम का कार्यक्रम कैंसिल

चंपावत। पीएम मोदी का 12 अक्तूबर को संभावित मायावती आश्रम का दौरा निरस्त हो गया है। पीएम मोदी का दौरा टलने के कारण लोगों में निराशा देखने को मिल रही है। पीएम मोदी पिथौरागढ़ के साथ ही चंपावत दौरे पर भी आने वाले थे। चंपावत में पीएम मोदी का 12 अक्तूबर को संभावित मायावती आश्रम का दौरा था। पीएम मोदी के यहां रात्रि विश्राम की खबरें सामने आ रही थी। लेकिन अब पीएम का चंपावत में मायावती आश्रम का दौरा रद्द हो गया है। पिथौरागढ़ की जनसभा के बाद लोहाघाट से नौ किमी दूर मायावती अद्वैत आश्रम में पीएम मोदी की आने की संभावना थी। जिसके लिए प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी थी। सड़कों को संवारने के साथ ही दीवारों के किनारे पेंटिंग बनाने का काम किया जा रहा था। हेलीपैड निर्माण, हेलीपैड से मायावती आश्रम तक 15 किमी के हिस्से को सही करने का काम लगभग पूरा कर लिया गया था। जिसका जायजा कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत से लेकर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी तक ले चुके थे। चंपावत जिले के दौरे का पीएम मोदी का कार्यक्रम नहीं आया था। लेकिन उनके मायावती आश्रम के संभावित दौरे के चलते तैयारियां की जा रही थी। लेकिन प्रधानमंत्री अब यहां नहीं आएंगे। बता दें कि पीएम मोदी का कुमाऊं में कहीं भी रात्रि विश्राम का कार्यक्रम नहीं है। पीएम मोदी पिथौरागढ़ से सीधे बरेली के लिए रवाना होंगे।

# सीएम ने सभी जिलों में मदरसों का सत्यापन करने के दिए निर्देश

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल के वीरभट्टी क्षेत्र में एक अवैध मदरसे में बच्चों के साथ अमानवीय व्यवहार का संज्ञान लिया है। उन्होंने प्रदेश में संचालित सभी मदरसों का भौतिक सत्यापन करने और कहीं भी अनैतिक कार्य पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस क्रम में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी जिलों को आदेश जारी कर दिए हैं। प्रदेश में उत्तराखंड मदरसा बोर्ड और उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अंतर्गत 532 मदरसे संचालित हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में बिना अनुमति के निजी मदरसे भी संचालित हो रहे हैं। इन्हें अवैध माना गया है। नैनीताल में भी इसी तरह अवैध रूप से संचालित एक मदरसे के खिलाफ मिली शिकायत पर स्थानीय प्रशासन ने उसका निरीक्षण किया था।इस दौरान टीम ने यहां कई अनियमितताएं पाईं। यहां 24 बच्चों को छोटे-छोटे गंदगी से भरे कमरों में रखा गया था। इनमें अधिकांश बच्चे बीमारी से ग्रस्त मिले। यहां पढने वाले



बच्चों ने मदरसा संचालक व उनके पुत्र पर शारीरिक शोषण के आरोप भी लगाए। प्रशासन ने मदरसे को सील करने के साथ ही संचालक पर प्राथमिकी भी दर्ज की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बच्चों के साथ हो रहे इस तरह के अमानवीय व्यवहार का संज्ञान लेते हुए सभी मदरसों की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। इस क्रम में अपर मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर सभी मदरसों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहीं अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई के लिए भी निर्देशित किया है। अपर मुख्य सचिव ने सत्यापन व कार्यवाही के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराने को कहा है।

# किच्छा के प्रमुख समाज सेवी दुर्गादास चावला का निधन

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर के प्रमुख व्यवसायी,समाज सेवी दुर्गादास चावला का निधन हो गया है। भाजपा नेता सचिन चावला के पिता स्वर्गीय दुर्गा दास चावला के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का उनके आवास पर तांता लगा रहा। स्वर्गीय दुर्गा दास चावला की अंतिम यात्रा उनके आवास से प्रारम्भ होकर आवास विकास होते हुए किच्छा स्थित मुक्ति धाम तक पहुंची जहां उनके



पुत्र सचिन चावला ने मुखाग्नि दी। स्वर्गीय दुर्गा दास चावला पूर्व पालिकाध्यक्ष स्वर्गीय महेंद्र चावला के पिता थे। स्वर्गीय दुर्गा दास चावला का समाज में एक अलग पहचान थी। उनके निधन पर तमाम राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, के लोगों द्वार अपनी शोक संवेदना व्यक्त की तथा श्रृद्धांजलि दी। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से अजय तिवारी, अरुण तनेजा, कमल गांधी ,हरकिशन चौधरी, अनिल अग्रवाल, डॉक्टर पीयूष टंडन, संजीव सिंह, अजय तिवारी ,गुलशन सिंधी, राम अवतार अग्रवाल, जीवन जोशी, दिनेश कटारिया, दिनेश भाटिया, लीलाधर अग्रवाल ,सरन संधू, वासुदेव,सोमराज सहगल, विवेक राय, शुभम तिवारी, हरिश्चंद्र पंत,वर्तमान पालिकाध्यक्ष दर्शन सिंह कोली लवी सहगल, हरीश पनेरू अधिशाषी अधिकारी गुरमीत सिंह सुनील ठाकुर, उमा शंकर, राकेश गुप्ता ओम प्रकाश दुआ संजीव चौधरी विपिन जलहोत्रा, भूपेंद्र चौधरी, गौरव बेहड़,धर्मराज जायसवाल, खूब सिंह विकल, सुभाष तनेजा, कुंदन खुराना, विवेक दीप सिंह, राजकुमार बजाज, महेंद्र पाल हरबिरंदर सिंह चुग, विजय पपनेजा सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# गदरपुर की सड़कों के लिये करोड़ों का बजट पास

गदरपुर(उद संवाददाता)। भाजपा के नगर अध्यक्ष सुरेश खुराना ने सोमवार को एक प्रतिष्ठान पर पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि भाजपा सरकार ने गदरपुर विधानसभा क्षेत्र की 15 सड़कों के लिए 8 करोड़ 81 लाख रु का बजट पास किया है । उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इन सड़कों का बनाए जाने की मांग जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समक्ष रखी गई थी । मुख्यमंत्री द्वारा संज्ञान लेते हुए उक्त सड़कों के लिए स्वीकृति दे दी है उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और गुंजन सुखीजा का आभार व्यक्त किया । उन्होंने कहा की भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचने के लिए कार्यकर्ता काम कर रहे है भाजपा सरकार में पूरे क्षेत्र में जगह-जगह सड़के बनाई जा रही है । लिंक मार्ग बनाए जा रहे हैं उन्होंने बताया कि सरकार का विकास कार्य और योजनाएं हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचनी



चाहिए । सुरेश खुराना ने बताया कि हमारे गदरपुर ब्लॉक को आकांक्षी ब्लॉक की श्रेणी में लाया गया है जिसको प्रधनमंत्री कार्यालय से अटैक किया जाएगा । देश के लगभग 500 ब्लॉक कार्यालय प्रधानमंत्री कार्यालय से अटैच हुए हैं जिसमें गदरपुर का नाम भी आया है । उन्होंने सभी गदरपुर के क्षेत्रवासियों को भी बधाई दी । बताया कि भाजपा सरकार पूरे प्रदेश में विकास कार्य करवा रही है । इस दौरान प्रेस वार्ता में अनिल जेटली, रिंकू माटा मौजूद रहे।

# पार्षद ने नगर निगम सभागार निर्माण को लेकर उठाये सवाल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रीत विहार कालोनी निवासी नगर निगम के वार्ड 21 के पार्षद एवं उपनेता प्रतिपक्ष अमित कुमार ने नगर आयुक्त व मेयर को ज्ञापन सौंपकर नगर निगम द्वारा निर्मित बहुमंजिला सभागार पर सवाल उठाये हैं। उन्होंने कहा है कि बोर्ड बैठक को लेकर पार्षदगणों को अवगत कराया गया कि बिन्दु से 1 से 37 तक को समस्त कार्यो पर बोर्ड में सदस्यों की तरफ से वित्तीय स्वीकृति का प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रस्तावित किया गया है। जबकि एजेण्डे में बिन्दु संख्या क्रमांक 2, 1,22 के सम्बन्ध में नगर निगम रूद्रपुर के अन्दर अवैध रूप से निर्मित बहुमजिला सभागार का निर्माण कार्य बिना वित्तीय स्वीकृति, बिना भू-स्वामित्व तथा बिना मानचित स्वीकृति के किया गया है। जिसके विरूद्ध पूर्व सभासद की शिकायत पर उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड नैनीताल में एक जनहित याचिका दायर की गयी है जिस पर उच्च न्यायालय द्वारा जवाब मांगा गया है। अमित का कहना है कि प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त विवादित कार्यो का प्रकरण वर्तमान में उच्च न्यायलय उत्तराखड में विचारधीन है इस स्थिति में उक्त बिन्दुओं के कार्यो पर वित्तीय स्वीकृति प्रदान करना पूर्णतया नियम विरुद्ध है।

# वेतन कटौती से भड़के श्रमिकों ने सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित पीडीपीएल समाज आटो से निकाले गये स्थाई श्रमिकों ने अपने वेतन में की गई कटौती से नाराज होकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। ज्ञापन में करन सिंह आदि का कहना है कि निकाले गये स्थाई मजदूरों के लिए मैनेजमेंट से एएलसी के सामने समझौता हुआ था। जिसमें 10 माह के वेतन हर निकाले गये मजदूर को देने की बात तय हुई। आरोप है 20 मजदूरों के वेतन में 2 माह व 1 माह की कटौती कर भुगतान की लिस्ट बनाई गई है। जो अध्यक्ष ने दिखाई। इसका विरोध करने पर उन्होंने लिस्ट बनाने से मना कर दिया। आरोप है वेतन में की गई कटौती के पैसे को कुछ नेताओं में बांटा जा रहा है। इस अन्याय को रोका जाये।

# कैंडल मार्च निकाल कर सुमित को दी श्रद्धांजलि

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। मार्ग दुर्घटना का शिकार हुए 12 वर्षीय सुमित मिस्त्री को नगर के ग्रामीण व जनप्रतिनिधिओ ने शक्तिफार्म के जेल कैंप मे कैंडल मार्च निकलकर उसे अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। गत सायं क्षेत्र के ग्रामीण और



जनप्रतिनिधि जेल कैंप नंबर दो स्थित मृतक सुमित मिस्त्री के घर पर एकत्र हुये और वहां से कैंडल मार्च निकालते हुये सिडकुल रोड रुदपुर मुख्य चौराहा तक गये और मृतक को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। आपको बता दे की रूदपुर के जेलकैंप नंबर दो निवासी 12वर्षीय सुमित मिस्त्री पुत्र विष्णु मिस्त्री, माता तारा मिस्त्री और पिता के साथ शनिवार की शाम करीब 7 बजे बाइक से घर वापस जा रहे थे। कि रुदपुर मार्ग पर लोहे की पुलिया से कुछ आगे उनकी बाइक को डंपर ने टक्कर मार दी थी । जिससे उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। इस दौरान सुमित मिस्त्री छिटक कर सड़क में जा गिरा और तेज रफ्तार वाहन सुमित को रौंदता हुआ आगे निकल गया। स्वजन सुमित को लेकर अस्पताल पहुंचे थे। जहा डॉक्टरों ने सुमित को मृत घोषित कर दिया था । हादसे में विष्णु मिस्त्री, तारा मिस्त्री चोटिल हुए थे। इधर हादसे की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई थी। ग्रामीणों का आरोप था कि मिट्टी भरे तेज रफ्तार डंपर वाहनों पर पुलिस, प्रशासन अंकुश नहीं लगा रहा है। जिस वजह से हादसे हो रहे है। सुमित दो भाइयों में छोटा था और कक्षा सातवीं का छात्र था। इस मौके पर शक्ति फार्म ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य ,नगर अध्यक्ष प्राण मंडल ,महिला अध्यक्ष सरस्वती वाला, विधनसभा अध्यक्ष सुमिन्दर यादव, नारायण सरकार, विष्णु तरफदार ,मुकेश रावत, सागर मंडल ,संजय विश्वास ,सपना ओझा, सुलता मंडल, ज्योति हाजरा, ईशा, जोशना मण्डल,जयंती मण्डल, संजू , विक्की, श्याम बाला, रोहित , बकुल मंडल, गुड़िया,विभूति प्रसाद भगवान पांडे श्रीकांत मिस्त्री शिव गौतम सुशील गौतम अमित कुमार, अभिषेक, प्रदीप साहनी,आदि शामिल थे।

# रागी जत्थों ने कीर्तन कर संगत को किया निहाल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गुरद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा मे साहिब श्री गुरु नानक देव जी का जोति जोत पूरब गुरबाणी,कथा व्याख्यान के साथ



मनाया गया।सुबह संगती रूप में साहिब श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव के संबंध में रखे गए श्री सहज पाठ का पाठ हुआ। जिसके बाद विशेष कार्यक्रम में हजूरी रागी भाई परमजीत सिंघ व साथियों ने, भाई जसपाल सिंघ,दलजीत सिंघ ने मनोहर कीर्तन कर संगत को निहाल किया। उपरांत बिलसिंडा, यू.पी से आये प्रचारक भाई अमर सिंघ जी ने गुरु साहिब के जीवन के बारे में विस्तार से समझाया।उन्होंने बताया कि आज कई अज्ञानी गुरु साहिब के जोति जोत पूरब को गुरु साहिब का श्राद्ध कह कर संबोधन करते है जो कि उनकी मूर्खता,व अज्ञान को दर्शाता है। गुरु साहिब ने हरिद्वार की साखी द्वारा इस भ्रांति का पुरजोर खंडन करा और बताया कि मरण उपरन्त कोई भी चीज हमारे पूर्वजों को नही मिलती इसलिए जीते जी हमे अपने बुजुर्गों की सेवा करनी चाहिए। गुरु साहिब ने दुनिया को इंसानियत का पाठ पढ़ाया। इसके बाद भाई मनमीत सिंघ जी, खालसा कालेज ,दिल्ली वालों ने मनोहर कीर्तन कर के सारा वातावरण भक्ति के रंग में रंग दिया। हेड ग्रंथि भाई अमरीक सिंघ जी ने अरदास व हुकमनामा ले कर दिवान की सम्पूर्णता करी।समूह संगत ने कड़ाह परशाद व लंगर छका। इस दौरान रंजीत सिंघ, जगजीत सिंघ, रविंदरपाल सिंघ, अमनदीप सिंघ,जगमोहन सिंघ, सतपाल सिंघ,जसपाल सिंघ खालसा, बलविंदर सिंघ, महेंद्र सिंघ, सतवंत सिंघ, बलजीत सिंघ, आत्मजीत सिंघ, बलविंदर सिंघ धवन आदि मौजूद रहे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# अवैध तमंचे व कारतूस सहित बदमाश गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने रात्रि चौकिंग के दौरान एक बदमाश को अवैध तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में पुलिस टीम के द्वारा रात्रि चौंकिग के दौरान रेलवे स्टेशन के पास जाहरनगर में संदिग्ध रूप से घूम रहे एक युवक को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता मुकेश वर्मा उर्फ चिकारा पुत्र विष्णु वर्मा निवासी मूल ग्राम नयागांव, काली मंदिर के पास, थाना मैलानी जिला लखीमपुर खीरी उप्र हाल वेलेजली लॉज जजी के पास बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक नाजायज तमंचा 315 बोर तथा एक अदद जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने मुकेश वर्मा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मुकेश पूर्व मे भी चोरी के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस टीम में उनि. संजीत कुमार राठौड़, कानि. सुनील कुमार, परवेज अली शामिल थे।



# खटीमा में पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय के भूमि चयन करने के दिए निर्देश

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विधानसभा क्षेत्र खटीमा के अन्तर्गत मा0 मुख्यमंत्री की घोषणा की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होने कहा कि खटीमा में पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय, टाईप चतुर्थ का एक आवास एवं अन्य बहुमंजिला भवन का निर्माण कार्य हेतु स्थल चयन समिति द्वारा जायेगा। उन्होने सम्बन्धित चयन समिति को निर्देश दिये कि एक सप्ताह के भीतर स्थलीय निरीक्षण के उपरांत रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि शीघ्र कार्य प्रारम्भ हो सकें। बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी खटीमा बीर सिंह, अधिशासी अभियन्ता लोनिवि राजकुमार, सहायक अभियन्ता निर्माण इकाई उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड मोहसिन अली खॉ, कनिष्ठ अभियन्ता प्रदीप दास, संतोष कुमार पंत, मुकेश पाल, विनोद टम्टा आदि उपस्थित थे।



# लोक अदालत ने बीमा कंपनी को दिए 30 लाख रुपए अदा करने के निर्देश

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। स्थाई लोक अदालत द्वारा बीमा कंपनी के विरुद्ध क्षतिपूर्ति का आदेश पारित किया गया है। स्थाई लोक अदालत उधम सिंह नगर द्वारा मामले की सुनवाई करते हुए यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को 30 लाख रुपए का बीमा क्लेम प्रार्थी को देने का आदेश पारित किया गया है। काशीपुर उधम सिंह नगर क्षेत्र में स्थित मल्टीवॉल डुप्लेक्स प्राइवेट लिमिटेड के अधिकृत प्रबंधक द्वारा एक प्रार्थना पत्र स्थाई लोक अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। जिसमें कहा गया था कि उसकी कंपनी पेपर बनाने का कार्य करती है। प्रार्थी ने पेपर बनाने के लिए दो बॉयलर ले रखे थे। यह दोनों बॉयलर यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी से बीमित थे। इन बॉयलर में किसी प्रकार की खराबी , दुर्घटना आदि के लिए क्षतिपूर्ति का दायित्व बीमा कंपनी का था। इसमें से एक बॉयलर दिनक 14 नवंबर 2018 को दुर्घटना वर्ष नष्ट हो गया था। जिसकी सूचना प्रार्थी ने बीमा कंपनी को दी थी और कंपनी ने क्षतिपूर्ति के रूप में बीमा राशि देने से इनकार कर दिया था। 6 अक्टूबर 2023 को स्थाई लोक अदालत उधम सिंह नगर के अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह व सदस्य गण श्री अब्दुल नसीम एडवोकेट एवं श्रीमती अर्चना पियूष पंत एडवोकेट द्वारा मामले की सुनवाई की गई। बीमा कंपनी को यह बीमा राशि एक माह के भीतर प्रार्थी को 30 लाख रुपए की धनराशि अदा करने का आदेश दिया गया।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
05944-246817

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर झूला दुग्ध कारोबारी

काशीपुर(उद संवाददाता) आईटीआई थाना क्षेत्र में दढियाल रोड पर दूध की डेरी चलाने वाले एक अधेड़ उम्र व्यक्ति ने देर रात अज्ञात कारणों के चलते बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी पुलिस को मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद आज उसे परिजनों के हवाले कर दिया। क्षेत्र में यह घटना दबी जबान चर्चा का विषय बनी है। जानकारी के मुताबिक दढियाल रोड पर मारिया स्कूल के ठीक सामने निवासी मनोज कुमार 45 वर्ष पुत्र स्वर्गीय जयप्रकाश पिछले कुछ समय से अपने ही घर में दूध की डेरी चलाया करता है। उसके एक पुत्र व एक पुत्री है। पता चला है कि सोमवार की रात्रि परिवार के लोग जब गहरी नींद सो गए इस दौरान अज्ञात कारणों के चलते दुग्ध कारोबारी ने रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए पीएम हाउस भेज दिया।

# 12 अक्टूबर से श्री राम जी की लीला का मंचन होगा प्रारंभ, कलाकारों में उत्साह

गदरपुर (उद संवाददाता)। अनाज मंडी श्री राम नाट्य कला परिषद द्वारा चल रहा अभ्यास अब अंतिम चरण में पहुंचा । बीते 21 दिनों में कलाकारों ने बढ़ चढ़ कर अपनी कलाकारी का प्रदर्शन किया एवम डट कर अपने आप को श्री राम जी की लीला के लिए तैयार किया। श्री राम नाट्य कला परिषद की समस्त कार्यकारिणी ने दिन रात की मेहनत से कलाकारों को तराशा और उन्हें किरदारों के लिए तैयार किया । 12 अक्टूबर से श्री राम जी की लीला का मंचन प्रारंभ होगा, जिसके लिए तैयारियां जोर शोर से चल रही है और समस्त कार्यकारिणी एवम कलाकारों में उत्साह है। रामलीला अध्यक्ष रविंद्र बजाज ने बताया की 1 माह के इस मेले में सभी एकजुट होकर एक परिवार की भाती निस्वार्थ भाव से प्रभु श्री राम जी की लीला का मंचन एवम उनके नाम का गुणगान करते है। महामंत्री श्री अशोक धीर , कोषाध्यक्ष कृष्ण अनेजा , निर्देशक अशोक पोपली , अशोक सुधा , राजू भुड्डी , जगदीश भुड्डी , सुभाष खुराना , सिद्धार्थ भुसरी , प्रवीण गिलहोत्रा , सुनील कालड़ा ,देव छाबड़ा, जितेंद्र मिगलानी ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। श्री रामलीला नाट्य कला परिषद के कलाकार रोहित पोपली, साहिल सुधा, गुलशन शर्मा, सागर कालड़ा, कशिश खुराना, अमन गाबा, मुनि भुसरी, दीपक छाबड़ा, कपिल कमरा, अनमोल भुड्डी, अरविंद पाल, युवराज कुमार, क्षितिज कोचर, करन कालड़ा, अविष अरोरा, अभिषेक सक्सेना, यश अरोरा, आर्यन छाबड़ा, शोर्य, एवम समस्त कलाकार उपस्थित रहे।



# सड़क निर्माण को लेकर आप कार्यकर्ताओं ने शुरू किया अनशन

दिनेशपुर/गदरपुर (उद संवाददाता)। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने अपने बयान के अनुसार सप्ताह में रविवार को 2 घंटे होने वाले अनशन पर अपने समर्थकों के साथ बैठकर दिनेशपुर से मटकोटा मोड तक जी का जंजाल बन चुकी सड़क के पुन: निर्माण की मांग को लेकर अनशन शुरू किया । सुभाष व्यापारी ने बताया की खस्ताहाल मटकोटा, दिनेशपुर, गदरपुर स्टेट हाईवे के पुनर्निर्माण की मांग के लिए संघर्ष जारी रहेगा जर्जर मटकोटा, दिनेशपुर, गदरपुर मार्ग के पुन निर्माण की मांग को लेकर पूर्व में की गई घोषणा अनुसार आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को दिनेषपुर के मुख्य चौराहे पर एक दिवसीय सांकेतिक उपवास रखकर धरना प्रदर्शन किया । उन्होंने शीघ्र ही सड़क का पुनर्निर्माण कार्य शुरू नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है उन्होंने बताया कि जब तक सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तब तक प्रत्येक रविवार को इसी तरह से आंदोलन किया जाएगा । धरने के दौरान क्षेत्र के अन्य सामाजिक लोगों ने भी धरने का समर्थन किया इस दौरान विजय सिंह, सुशील भक्त, दीपक चक्रवर्ती, जीएल खुराना, सुभाष माझी, सदानंद राय, राघवेंद्र कुमार, पवन कुमार,सतेंद्र कुमार,सुमिरन कुमार आदि लोग मौजूद रहे।




# डीएम ने की स्वच्छ भारत मिशन ( ग्रामीण ) एवं जिला पंचायतराज विभाग की समीक्षा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं जिला पंचायतराज विभाग की समीक्षा बैठक लेते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत ऑन लाईन प्राप्त आवदेनो का शतप्रतिशत स्थलीय सत्यापन करते हुये पात्र लाभार्थियों को चिन्हित करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि सम्यापन कार्य लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों/ कर्मचारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि आपसी समन्वय स्थापित करते हुये प्राप्त लक्ष्य को ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सम्यापन रिर्पोट एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि यदि सार्वजनिक स्थलों हेतु सामुदायिक शौचालयों के निर्माण हेतु प्रस्ताव प्राप्त होता है तो शौचालय निर्माण के उपरान्त उसके रख-रखाव की जिम्मेदारी सम्बन्धितो की तय होनी चाहिये। जिला पंचायतराज विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को निर्देश दिये कि 15वें वित्त में जो कार्य हुआ है उसका भलिभॉति मिलान करा ले। उन्होने कहा कि जो भी धनराशि खर्च हुई है उसका लेख-जोखा स्पष्ट व अन्य पत्रावलियां सुक्षित रखी जाये। उन्होने सभी एडीओ पंचायत को निर्देश दिये कि जो भी कार्य ग्राम पंचायतों में किये जा रहे है उसकी सुपरवाईजरी ठीक प्रकार से करें। उन्होने ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी शिकायते प्राप्त होती है उसका ससमय निस्तारण करना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, डीपीआरओ/ उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय, पीडी हिमांशु जोशी, सहायक जिला पंचायतराज अधिकारी महेश कुमार सहित समस्त विकास खण्डों के सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारी उपस्थित थे।



# आसरा ट्रस्ट द हंस फाउंडेशन ने लगाया शिविर, 500ओपीडी,250 टेस्ट किए

गदरपुर(उद संवाददाता) । राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में बालिकाओं के स्वास्थ्य परीक्षण राजकीय कन्या इंटर कॉलेज गदरपुर जनपद उधम सिंह नगर में आसरा ट्रस्ट द हंस फाऊंडेशन टाइटन कन्या प्लस बालिका शिक्षा के तहत स्कूल की किशोरियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें किशोरियों को किशोरावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक परिवर्तन,भावनात्मक परिवर्तन एवं सामाजिक परिवर्तन के बारे में बताया गया तथा शारीरिक परिवर्तन के अंतर्गत मासिक धर्म के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई स मासिक धर्म के समय शरीर में होने वाले कई प्रकार की समस्याओं तथा उनके समाधान के बारे में जागरूक किया गया । मासिक धर्म के समय सेनेटरी नैपकिन प्रयोग करने की सलाह दी गई तथा उसे किस तरह से नष्ट करना है , बताया गया तथा यह भी बताया गया किस तरह से मासिक धर्म के समय हमें साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। जिसमें किशोरावस्था के दौरान बहुत सारे बच्चे जानकारी के अभाव में गलत रास्ते पर कदम रखते हैं उन गलत रास्ते पर न भटके इसके लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम किया गया तथा आने वाली अनेक प्रकार की समस्याओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई । इस जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ किशोर और किशोरियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया जिसमें लगभग 800 किशोरियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन आसरा ट्रस्ट के टीम हंस फाउंडेशन के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार सिंह द्वारा किया गया और इसमें सहयोग टीम - डॉक्टर हसन राजा, डॉ राधेश्याम अग्रहरि और सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रवि कुमार गुप्ता , प्रियंका सिंह, सोनी फार्मा सिस्टम फार्मासिस्ट रमाकांत अग्रहरि,विकास कुमार तथा दीपक कुमार ,लैब टेक्नीशियन मनीष कुमार,आदेश प्रताप,अमित राणा तथा गीता, नरेंद्र राणा ,सूरज राणा, कामिल तथा आसरा ट्रस्ट के प्रोग्राम मैनेजर पृथ्वी सिंह,लाइफ स्किल मेंटर्स विनीता,सुरभि ,नम्रता तथा आसरा ट्रस्ट के ट्यूटर्स कु. ज्योति,गुड़िया, प्रियंका, सपना और ममता रानी उपस्थित रहे।



# 'रोजगार प्रयाग पोर्टल' से युवाओं को मिलेगी आउटसोर्सिंग के पदों की सूचना

## सीएम धामी ने किया देहरादून एवं उधम सिंह नगर के सेवायोजन कार्यालयों में स्वरोजगार कार्यालयों का शुभारंभ

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड युवा महोत्सव-2023 कार्यक्रम में 'रोजगार प्रयाग पोर्टल' का शुभारंभ किया और युवा उत्तराखण्ड ऐप को लॉन्च किया। सोमवार को उन्होंने देहरादून एवं उधम सिंह नगर के सेवायोजन कार्यालयों में स्वरोजगार कार्यालयों का शुभारंभ भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने रोजगार मेलों के माध्यम से चयनित 17 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टालों का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग और आई.आई.टी. रुड़की के बीच एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित किया गया। आईआईटी रुड़की की तकनीकी विशेषता को राज्य की श्रमशक्ति के कौशल क्षमता के विकास के लिए यह करार हुआ है।मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि रोजगार के अवसरों को एक ही पोर्टल पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवाओं के लिए यह पोर्टल विकसित किया गया है। विभिन्न विभागों की योजनाओं को एक ही जगह उपलब्ध कराने के लिए आईटीडीए द्वारा युवा उत्तराखण्ड ऐप विकसित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार प्रयाग पोर्टल से जहां विभिन्न सरकारी विभागों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से भरे जाने वाले पदों की जानकारी एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सरल होगी, वहीं इस पोर्टल से विभिन्न विभागों में आउटसोर्सिंग के पदों की सूचना भी युवाओं को मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि के युवा न केवल प्रतिभा संपन्न एवं सामर्थ्यवान हैं, बल्कि मेहनती भी हैं। अनेक क्षेत्रों में हमारे प्रदेश की प्रतिभाओं ने देश और दुनिया में राज्य का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि देश और राज्य का भविष्य युवाओं की शक्ति पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि प्रध ानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में नए भारत का निर्माण हो रहा है, जिसकी मजबूत नींव युवा हैं। सरकार ने नकल विरोधी कानून लागू कर भर्तियों में घोटाले करने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 15 दिनों में करीब एक हजार अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए हैं। राज्य में युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के साथ ही स्पोर्ट कल्चर को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए नई खेल नीति लाने के साथ ही नौकरियों में खेल कोटा पुनः शुरू किया गया है। सीएम ने कहा कि वर्तमान में "मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना" के अंतर्गत खेल छात्रवृत्ति दी जा रही है। सरकार अपने युवाओं की उन्नति के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में कौशल विकास एवं सेवायोजन मंत्री श्री सौरभ बहुगुणा ने भी विचार रखे। इस अवसर पर मेयर श्री सुनील उनियाल गामा, विधायक श्री खजानदास, श्री बृज भूषण गैरोला, सचिव श्री विजय कुमार यादव, श्री दीपेन्द्र चौधरी, निदेशक आईटीडीए श्रीमती नितिका खंडेलवाल उपस्थित थे।



# श्रीमद् भागवत कथा के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें: चुघ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाज में हर व्यक्ति को श्रीमद् भागवत कथा का जीवन में श्रवण अवश्य करना चाहिए। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह बात वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने रम्पुरा वॉर्ड 22 एकराम आर्य पार्क में मोहल्ले वासियों द्वारा जन सहयोग से आयोजित श्रीमद भागवत कथा में पहुंचकर कथा व्यास आचार्य श्री रामवीर शास्त्री जी महाराज का स्वागत कर उनका आर्शीवाद लेने के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओ अपने संबोधन में कही। श्री चुघ ने कहा कि हम सभी को भागवत कथा सुनने के साथ ही इसके आदर्शों को अपने जीवन में उतारना भी चाहिए। तभी ईश्वर द्वारा प्रदत्त इस मानव देह का उद्देश्य सार्थक हो सकेगा। श्री चुघ ने कहा कि जिस स्थान पर श्रीमद भागवत कथा होती है आस पास का सभी क्षेत्र पवित्र हो जाता है और यहां निवास करने वाले सभी परिवारों का कल्याण होता है। उन्होंने कहा यह सबका सौभाग्य है कि यहां श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने का अवसर मिला। उन्होंने सभी के लिए मंगल कामनाएं भी की।इससे पूर्व श्री चुघ का आयोजन स्थल पर पहुंचने पर आयोजकों द्वारा उनका स्वागत किया गया।आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी जनता से प्रतिदिन श्रीमद भागवत कथा श्रवण करने सपरिवार पध ारने की अपील की है कथा व्यास जी द्वारा बहुत ही सुंदर कृष्ण सुदामा की मित्रता के प्रसंग का वृतांत सुनाया और नाटिका के माध्यम से भी कलाकारों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर राज कोली भाजपा जिला उपाध्यक्ष एससी मोर्चा डॉ महेश कोली, गिरीश पाल, पूर्व पार्षद राम प्रकाश कोली, शिवकुमार शिब्बू, आशीष श्रीवास्तव, सुदामा कोली, चंद्रपाल कोली, प्रेमपाल गंगवार, मानसिंह, इंदल कोली, संजीव गुप्ता, अमित गौड़, दीपक राणा, सोमपाल कोली, सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।




# संघन मिशन इंद्रधनुष के तृतीय चरण का मेयर ने किया शुभारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संघन मिशन इंद्रधनुष का तृतीय चरण आज से शुरू हो गया। जिला चिकित्सालय में महापौर रामपाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जनपद में प्रथम व द्वितीय चरण सफलता पूर्वक हुए है। आशा है कि तृतीय चरण भी सफल होगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा० राजेश कुमार आर्य ने कहा कि संघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 जिले में तीन चरणों अगस्त, सितम्बर व अक्टूबर में आयोजित किया जा रहा है। तृतीय चरण में 0-5 वर्ष की आयु तक के ड्रप आउट, गर्भवतियों को टीके लगाए जाएंगे। जिला चिकित्सालय में महापौर व प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा. आरके सिन्हा द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी द्वारा बताया गया कि टीकाकरण का तृतीय चरण 9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक चलेगा एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 मनोज शर्मा द्वारा सभी को पूर्व में ही निर्देश गए है कि जनपद में कोई भी बच्चा व गर्भवती महिला बिना टीकाकरण के न रहें। उक्त कार्यक्रम में दीपा जोशी ए०एन०एम०, सहायक प्रतिरक्षण अधिकारी प्रदीप महर, नन्दलाल, फील्ड सुपरवाईजर आदि मौजूद थे।



# ब्राह्मण महासभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ब्राह्मण महासभा द्वारा एक कार्यक्रम में महासभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। जिसमें प्रदेश महामंत्री संजीव शर्मा, विधि सलाहकार/सह कोषाध्यक्ष विश्वनाथ शर्मा, प्रदेश मंत्री मिंटू शर्मा, जिलाध्यक्ष रविन्द्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष नवीन नैलवाल, जवाहर शर्मा, मंत्री धर्मेंद्र तिवारी, उमेश कौशिक का स्वागत किया गया। कार्यक्रम संचालन मुख्य रणनीतिकार राहुल तिवारी ने किया। इस दौरान मन्दिर मनकामेश्वर के महंत हरि चौतन्य नारायण स्वामी जी महाराज, संरक्षक राजबहादुर शर्मा, एमएम बिष्ट, सीपी शर्मा, संस्थापक अध्यक्ष पण्डित मुकेश वशिष्ठ, महामंत्री पदम् शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंद्रेश मिश्रा, उपाध्यक्ष सन्दीप मिश्रा, मीडिया प्रभारी ललित शर्मा, मोहन तिवारी, सुनील शर्मा सहित अरुण पांडे, देवेंद्र गोस्वामी, शिवकुमार शर्मा, संजीव शर्मा, अनुग्रह अग्निहोत्री, मंगला प्रसाद दुबे, चन्द्रप्रकाश शर्मा, सन्दीप पांडे, उमाकांत दुबे, उमेश द्विवेदी अजय वत्स, अरविंद मिश्रा, यशकीर्ति पांडे, विजय मिश्रा, श्वेता शर्मा, वंदना शर्मा, शशि द्विवेदी, मिनी पाठक, प्रियंका शर्मा, प्रभा शर्मा, निधिशर्मा तथा ब्राह्मण महासभा के वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।




# मोटर पार्ट्स एसो. के सतपाल अध्यक्ष व अजय महामंत्री बने

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मोटर पार्ट्स एसोसिएशन नगर इकाई की प्रथम बैठक में एसोसिएशन के पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। जिसमे सर्व सम्मति से सतपाल चुघ को अध्यक्ष, अजय अग्रवाल को महामंत्री एवं गजेंद्र सिंह कालरा को कोषाध्यक्ष का पदभार सौपा गया। नई टीम द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का विश्वास जताने के लिए धन्यवाद दिया गया। अध्यक्ष सतपाल चुघ द्वारा सभी व्यापारियो को विश्वास दिलाया गया कि वह एवं उनकी टीम सदा व्यापारी हितों के लिए वचनबद्ध है। उपस्थित सदस्यों में अनिल नागपाल, हरि अग्रवाल, सुमित तागरा, रणजीत चावला, अजय अग्रवाल, अजय ग्रोवर, रणजीत बतरा, सुमित कुमार, मनोज शर्मा, अवतार सिंह आदि मौजूद रहे।



# द्रोण कालेज में फिल्माया 'उड़ान जिन्दगी की' हिंदी वेब सीरिज का मुहूर्त शार्ट

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। चावला प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही हिंदी वेब सीरिज 'उड़ान जिन्दगी की' के मुहूर्त शार्ट का शुभारम्भ द्रोण कॉलेज ऑफ एजुकेशन एन्ड टेक्नोलॉजी में कालेज के प्रिंसिपल डा शमशेर सिंह द्वारा क्लैप बोर्ड क्लिक करके किया गया।इस वेब सीरिज की कहानी, स्क्रीनप्ले नाहिद खान ने लिखा है और उनके द्वारा निर्देशन भी किया जा रहा है। जबकि इसके प्रोड्यूसर हरविंदर सिंह चावला है। उड़ान जिन्दगी की के मुहूर्त के अवसर पर द्रोण कॉलेज के प्रिंसिपल डा शमशेर सिंह ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में अभिनय करने वाली प्रतिभाओ को काम करने का मौका मिलेगा। द्रोण कॉलेज में स्कूली बच्चो के साथ कैमरा टीम ने कई सीन फिल्माये और कॉलेज के प्रतिभाशाली बच्चो को अभिनय करने का मौका भी दिया। हिंदी वेब सीरीज 'उड़ान जिन्दगी की' के निर्देशक लेखक नाहिद खान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वेब सीरीज को द्रोण कॉलेज के अलावा रुद्रपुर और आसपास के सिख परिवेश के ग्रामीण क्षेत्र में फिल्माया जा रहा है। वेब सीरिज की कहानी एक सिख परिवार के युवा इकलौते बेटे की महत्वाकाँक्षा में उठाये गये अविवेकपूर्ण निर्णय से परिवार पर टूट पड़ी विपत्तियो पर आधारित है। कॉलेज लाइफ से कैसे युवा अपनी जिद से परिवार को मुसीबत में डाल देते है। इस ममस्पर्शी कहानी का पहला शेड्यूल फिल्माया जा रहा है। वेब सीरिज के प्रोड्यूसर हरविंदर सिंह चावला का कहना है कि इस वेब सीरिज के माध्यम से एक सिख परिवार की हृदयस्पर्शी और आँखे नम कर देने वाली कहानी से युवाओ के बीच एक मैसेज देने की कोशिश भी की गई है। जिससे युवा जागरूक हो सके और किसी फ्राड का शिकार न हो। इस वेब सीरीज में मुख्य भूमिका में हल्द्वानी के उभरते कलाकार हिमांशु तिवारी ने हर्ष सिंह नाम के सिख युवा की भूमिका निभाई है, जबकि उनकी दोस्त की भूमिका में रुद्रपुर की मुस्कान अरोरा है। इसके अलावा आशीष छाबड़ा, राहुल छाबड़ा, प्रदीप बंसल, श्रीमती पूनम गुप्ता, बादल मिश्रा, शिवांश छाबड़ा, सबाहत हुसैन खान, गुरवीर सिंह, अक्षय मिड्डा मुख्य भूमिका में नजर आयेंगे। जबकि सहायक भूमिका में बलजिंदर कौर, रहनुमा मलिक, सुभान खान, विजय गुप्ता, अंकित सागर, चन्दन शाह, हिमांशु रस्तोगी, सुभम पांडेय आदि नजर आयेंगे। वेब सीरीज के डीओपी और एडिटर विनोद कम्बोज है। विशेष आभार विजय भूषण गर्ग और प्रदीप बंसल (बंसल ज्वैलर्स) का रहा है। वेब सीरीज के कलाकारोंका मेकअप यू के इंटरनेशनल लन्दन ब्यूटी स्कूल के बलजीत सिंह एवं उनकी टीम द्वारा किया गया है।




# हल्द्वानी में सफेदपोश नेताओं को बचाने के खिलाफ कांग्रेस नेताओं ने दिया धरना

## एसएसपी से ज्योलिकोट में होटल रिवर व्यू में कैसीनो संचालक दोषियों पर कार्यवाही की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल के ज्योलिकोट में होटल रिवर व्यू में कैसीनो और बार का खुलासा होने के बाद पुलिस द्वारा सफेदपोश नेताओं को बचाने के हो रहे प्रयास के विरुद्ध और बार का खुलासा होने के बाद कांग्रेस ने इस मामले के पीछे असल गुनहगारों पर कार्यवाही करने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने सवाल उठाते हुए कहा कि सबको पता है कि वह अवैध कैसीनो दोनों मामलों में सफेदपोश नेताओं पर आखिर कार्यवाही क्यों नहीं हो रही है। माहरा ने अवैध कसीनो पर कार्रवाई करने के लिए एसएसपी का आभार भी जताया। माहरा ने कहा राज्य सरकार दबाव पर जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष सतीश नैनवाल, प्रदेश प्रवक्ता दीपक बलुटिया, ललित जोशी शोभा बिष्ट, महामंत्री महेश शर्मा, हरीश पनेरु, राजेंद्र जीना, शशि वर्मा, रत्ना





कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कारण माहरा व नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य की अगुवाई में पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने बुद्ध पार्क में धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा इस मामले में सफेदपोश नेताओं को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। नैनीताल के ज्योलिकोट में होटल रिवर व्यू में कैसीनो होटल भाजपा के नेता संचालित करते थे। आखिर पुलिस होटल के मालिक पर कार्यवाही क्यों नहीं कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष कारण माहरा ने कहा कि सरकार दोषियों को बचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। अंकिता भंडारी हत्याकांड हो या फिर नैनीताल जिले में बनाकर दोषियों को बचाने का काम कर रही है। विधायक सुमित हृदयेश ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कर सभी दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पुलिस ने जल्द ही होटल संचालक सफेद पोशों का नाम उजागर नहीं किया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष लाल कुआं रामबाबू मिश्रा, हेमंवती नंदन दुर्गपाल, वरुण प्रताप भाकुनी, महेश कांडपाल, अध्यक्ष लालचंद, राजकुमार शर्मा, अजय भाटिया, राम सागर यादव, मीमांसा आर्य, बालम बिष्ट, तारा सिंह नेगी, विजय सिजवाली, खष्टी बिष्ट समेत सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्री राम बारात की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्राचीन शिव मन्दिर कमेटी मंगल पड़ाव द्वारा आयोजित होने वाले श्री राम विवाह को भव्य बनाने के लिये नगर निगम सभागार में शहर की विभिन्न संस्थाओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता व रूपेंद्र नागर ने बताया मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम व जनक दुलारी सीता जी के मंगल विवाह पर भगवान श्री रामचन्द्र जी की भव्य बारात राधाकृष्ण मन्दिर लटूरिया आश्रम अयोध्यापुरी बरेली रोड विवाह स्थल जनकपुरी श्री राम लीला मैदान हल्द्वानी के प्रस्थान करेगी।



मीडिया प्रभारी हेमन्त साहू ने बताया 14 अक्टूबर को अयोध्या से आई मेहन्दी का आयोजन किया जायेगा जिसमे हजारों महिलाएं हिस्सा लेंगी। इस मौके पर कनक चन्द्र, शान्ति जीना, नन्द किशोर जायसवाल, हर्षवर्धन पाण्डे, हिमान्शु मिश्रा, अनिल अग्रवाल, शिव कपूर, प्रीती आर्या, पूजा, दलजीत सिंह दल्ली, अमित आश्वनी, सुशील अग्रवाल पप्पी, पंडित विशाल शर्मा, हेमन्त साहू, सुनील गुप्ता, सुशील गुप्ता, सौरभ गुप्ता, अशोक सिंधी, पार्षद मनोज जोशी, पार्षद मधुकर, मनोज मठपाल, सुरेश केसरवानी, समेत तमाम समाजिक व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# बसपा ने मनाया काशीराम का परिनिर्वाण दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई के तत्वाधान में बहुजन नायक काशीराम का सत्रहवां परिनिर्वाण दिवस आदर्श कॉलोनी स्थित भीमराव अम्बेडकर पार्क में मनाया गया। जिसमे उपस्थित सभी लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनको शत-शत नमन किया। बहुजन नायक काशीराम जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और कहा काशीराम आज भी सबके दिलों में जिंदा है। काशीराम जी को याद करते हुए कहा कि जो आज नीली क्रांति



घर-घर बहुजनों की आवाज गूंज रही है वह पौधा काशीराम जी का ही लगाया हुआ है और सोशल मीडिया पर युवाओं का जोश देखकर लग रहा है कि आज फिर बहन जी को सत्ता में देखना चाहते हैं जिसका उदाहरण आज युवाओं में दिख रहा है। इस मौके पर वीआर धौनी, नंद गोपाल गौतम, हरीश सिनौली, विनोद कुमार गौतम, भृगु राशन राव, राजेश कुमार गौतम सहित बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कुमाऊं आयुक्त ने किया पीएम की जनसभा स्थल का निरीक्षण

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। देवभूमि उत्तराखण्ड से विशेष लगाव रखने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी 12 अक्टूबर से प्रस्तावित उत्तराखण्ड के जनपद पिथौरागढ़ भ्रमण को देखते हुए आयुक्त कुमाऊं मंडल दीपक रावत द्वारा पिथौरागढ़ पहुंचकर जनसभा स्थल नगर पिथौरागढ़ स्थित एसएस वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण किया गया। कुमाऊं आयुक्त द्वारा प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर चल रही तैयारियों का जायजा लिया गया तथा सम्बन्धित अधि



कारियों को तैयारियों से संबंधित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने जनसभा स्थल पर मंच व्यवस्था, सीटिंग अरेंजमेंट्स, टेण्ट, पेयजल, होर्डिंग्स स्थापना आदि कार्यों की समीक्षा की तथा निर्देश दिये कि कार्य तेजी से करते हुए निर्धारित समयावधि के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चित करे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी वरुण चौधरी, अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग विवेक सक्सेना आदि उपस्थित थे।

# पूर्ति विभाग ने पंतनगर क्षेत्र में की छापेमारी, 14 सिलेण्डर किये जब्त

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। घरेलू सिलेंडरो के दुरुपयोग की मिल रही शिकायतों के बीच पूर्ति विभाग की जिला पूर्ति निरीक्षक अनीता तिवारी के नेतृत्व में विभागीय टीम ने पंतनगर में औचक छापेमारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम ने गैस रिफिलिंग व व्यवसायिक उपयोग में पाए गए 14 सिलेंडर जब्त कर लिए गए। यह जानकारी देते हुए जिला पूर्ति निरीक्षक अनीता तिवारी ने बताया कि पंतनगर क्षेत्र में काफी समय से घरेलू गैस की रिफिलिंग व व्यवसायिक उपयोग की



शिकायते मिल रही थी।शिकायतों के आधार पर उपायुक्त जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार के निर्देश पर क्षेत्र की विभिन्न कालौनियों में औचक छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान कई स्थानों पर घरेलू सिलेंडर से रिफिलिंग व व्यवसायिक उपयोग पाया गया। जिस पर 14 सिलेंडर जब्त कर लिए गए। उन्होंने बताया कि घरेलू सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग वह रिफिलिंग करना अवैध है। उन्होंने बताया यह कार्यवाही भाविष में भी जारी रहेगी। छापेमारी टीम में अनीता तिवारी पूर्ति निरीक्षक, मुन्ना लाल, अनुसेवक खड़क सिंह आदि शामिल थे।




# राजभवन पहुंची एडवेंचर स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड की टीम

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में एडवेंचर स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड की टीम के सदस्यों ने मुलाकात की। टीम ने हाल ही में 'द हिमालयन चेज' के पहले संस्करण के 'द हिमालयन चेज' के दूसरे संस्करण में टीम द्वारा नीति, नेलांग और जौहार वेली में रिले रेस का लक्ष्य निर्धारित किया है। राज्यपाल ने इस बेहद चुनौतिपूर्ण अभियान के लिए टीम के प्रत्येक सदस्य के जोश और जज्बे की सराहना की। उन्होंने कहा कि जहां लोगों प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि टीम भावना के रूप में प्रत्येक सदस्य ने इस मुकाम को हासिल किया है। राज्यपाल ने एसोसिएशन को हरसंभव सहायता का भी आश्वासन दिया। राज्यपाल ने टीम के सभी सदस्यों का उत्साहवर्धन करके उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।



अन्तर्गत हाई एल्टीट्यूट रिले रेस में पिथौरागढ़ से ओम पर्वत और आदि कैलाश तक की दूरी तय की। इस दौरान 12 सदस्य टीम द्वारा विश्व रिकॉर्ड स्थापित करते हुए 15 हजार फीट की अधिकतम ऊंचाई तक कुल 4 दिनों में 234 किलोमीटर की दूरी तय की गई। के लिए चलना भी मुश्किल है ऐसे स्थानों पर दौड़ने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना अपने आप में सराहनीय है। उन्होंने कहा कि टीम द्वारा साहसिक खेल गतिविधि के माध्यम से उत्तराखण्ड के नैसर्गिक सौंदर्य के साथ-साथ यहां के अछूते साहसिक पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार करने का इस दौरान 12 सदस्यीय टीम में एवरेस्ट विजेता मनीष कसनियाल, अविजित जमलोकी, सागर देवराड़ी, नीरज सामंत, आकाश डोभाल, पंकज बिष्ट, युवराज सिंह रावत, ऋषभ जोशी, रजत जोशी, दीपक बाफिला, विवेक सिंह रावत और नवनीत सिंह शामिल थे।

# हेमकुंड साहिब की यात्रा पर आए पाकिस्तानी श्रद्धालुओं की बस विद्युत खंभे से टकराई

गोपेश्वर। सिखों के पवित्र धाम हेमकुंड साहिब की यात्रा में पाकिस्तान से तीर्थयात्रियों की संगत जो गोविन्द घाट गुरुद्वारे की ओर आ रहा था तेज ढलान होने के कारण वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे आगे की तरफ हैवी बिजली लाइन की तारों के साथ लटक गया। वाहन में 15 महिला, पुरुष व बच्चे सवार थे। घटना की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष गोविन्दघाट मय पुलिस फोर्स सहित बिना देर किए तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। थानाध्यक्ष ने घटनास्थल पर पहुंचकर कर विद्युत विभाग से सम्पर्क कर बिजली की लाइन को बंद करवाया। लाइन बंद करवाने के बाद बस में सवार संगत, यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया व सभी की जानमाल की हिफाजत कर वाहन को दो मशीनों की सहायता से सुरक्षित सड़क पर लाया गया। चमोली पुलिस के साहसपूर्व व समय से बचाव कार्य के लिए पहुंचने वाले इस कृत्य कार्य के लिए गुरुद्वारा ट्रस्ट व पाकिस्तान संगत ने पुलिस की भूरी-भूरी प्रशंसा की। बता दें कि गुरुद्वारा साहिब दरबार के कपाट कल यानी 11 अक्टूबर को बंद कर दिए जाएंगे। गुरुद्वारा ट्रस्टियों द्वारा कपाट को बंद करने के निर्णय लिए जाने के बाद और मानसून के लौटने से राहत मिलने से यहां भारी संख्या में श्रद्धालु दूर-दूर से मत्था टेकने पहुंच रहे हैं। इस कड़ी में बीते दिन पाकिस्तान के कराची से भी श्रद्धालुओं का जत्था मत्था टेकने के लिए हेमकुंड साहिब दरबार पहुंचा था।

# फायरिंग कर मचाई दहशत: दबंगों ने युवक पर तमंचे की बट से किया कातिलाना हमला

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडेश्वरी क्षेत्र में दबंग प्रवृत्ति के लोगों ने एक युवक पर कातिलाना हमले की नीयत से फायर झोंक दिया। इस घटना में जब युवक बाल बाल बच गया तो उसे बदमाशों ने तमंचे की बट से मारपीट कर बुरी तरह लहुलुहान कर दिया। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ढकिया नंबर एक कुंडेश्वरी निवासी नरेश कुमार पुत्र रामचंद्र ने बताया कि 8 अक्टूबर की शाम लगभग 6:15 बजे मोहल्ले के ही प्रदीप शर्मा उर्फ सोनू शर्मा पुत्र शेर चंद्र, कप्पू शर्मा व कार्तिक शर्मा सभी निवासी उपरोक्त आपस में एक राय होकर उसके भतीजे शेखर पुत्र स्वर्गीय हरपाल सिंह को घेरकर मार रहे थे। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि शोर शराबा सुनकर जब वह बीच बचाव करने के लिए पहुंचा सोनू नामक बदमाश ने तमंचा निकालकर उसके भतीजे पर फायर छोड़ दिया। गोली ना लगने पर उपरोक्त तीनों ने उसके भतीजे को बलपूर्वक पकड़कर तमंचे की बट से सिर तथा मुंह पर प्रहार करते हुए उसे गंभीर रूप से लहुलुहान कर दिया और मौके से भाग गए। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त तीनों के खिलाफ धारा 307 आईपीसी के अंतर्गत अभियोग दर्ज करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

# सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाता है इनरव्हील क्लब: बहल

## कानपुर से पहुंची डिस्ट्रिक 311 की चेयरपर्सन संध्या गुप्ता का किया स्वागत



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाज में महिलाओं तथा बच्चों के उत्थान के साथ ही इनरव्हील क्लब सामाजिक कार्यों में हमेशा सक्रिय भूमिका निभाता रहा है। यह बात इनरव्हील क्लब की रूद्रपुर अध्यक्ष हरविंदर बहल ने क्लब की एक बैठक के दौरान अपने सम्बोधन में कही। उन्होंने कहा कि इनरव्हील एक अंतरराष्ट्रीय महिलाओं की संस्था है। जो मानवता के उत्थान, बच्चों की शिक्षा एवं महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य करती है। उन्होंने बताया कि बनवासी कल्याण आश्रम में चेयरमैन की उपस्थिति में वाटर कूलर लगवाया गया। इतना ही नहीं क्लब द्वारा पिछले तीन वर्षों से सिलाई प्रशिक्षण केंद्र भी संचालित किया जा रहा है। जिसके माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार के प्रति किया जाता है। श्रीमति बहल ने बताया कि साक्षरता अभियान के तहत बच्चों व व्यस्कों को शिक्षित बनाने का प्रयास किया जा रहा है। बच्चों को पाठ्य पुस्तकें तथा स्टेशनरी भी उपलब्ध कराई जाती है और समय समय पर ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं भी आयोजित कराई जाती हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष शिक्षक दिवस पर क्लब द्वारा श्री सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य सहित पांच शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। क्लब द्वारा समय समय पर रक्तदान शिविर लगाने के साथ ही वृक्षा रोपण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम के दौरान कानपुर से पधारी डिस्ट्रिक 311 की चेयरपर्सन संध्या गुप्ता का सभी ने बुकेट भेंट कर तालियों के साथ जोरदार स्वागत किया। उन्होंने इनरव्हील क्लब रूद्रपुर द्वारा कराए जा रहे कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की।नीलम राय ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डा. मंजुला सिंगला ने किया। इस मौके पर रश्मि सिंघल, डा. शिल्पा सिंघल, सीमा अरोरा, विनीता सिंघल, अंशू अरोरा, वीना अग्निहोत्री, हेमंत सिंघल, ओम सिंघल, नैंसी अग्निहोत्री, रंजीता अग्रवाल, विनीता खंडेलवाल, लक्ष्मी अग्निहोत्री, सीमा रानी, सुनीता राय, भूपेंद्र व देवेंद्र खन्ना आदि मौजूद थे।



# एसडीआरएफ की टीम ने चट्टान के नीचे दबे सात शवों को निकाला

पिथौरागढ़। उत्तराखण्ड में पिथौरागढ़ के धारचूला से गूंजी मोटर मार्ग में रविवार को सवारियों से भरे वाहन पर गिरे मलुवे को हटाकर आज एस.डी.आर.एफ.की टीम ने सात शवों को निकाला। नपलच्यु गांव के रहने वाले इन लोगों के शवों को परिजनों को सौंप दिया गया है।रविवार को पिथौरागढ़ के जिला नियंत्रण कक्ष(डी.सी.आर.)में सूचना आई कि धारचूला से गूंजी जाने वाले मोटरमार्ग में थक्ति झरने के पास एक वाहन पर पहाड़ से अत्यधिक मात्रा में मलुवा गिर गया है। कार में 9 लोग सवार होने की आशंका है जो कार में ही दबे हुए हैं।ये सूचना पाकर एस.डी.आर.एफ.की टीम घटनास्थल के लिए रवाना हो गई। सोमवार रात होने और पहाड़ी से मलुवा गिरने के कारण रैस्क्यू ऑपरेशन को आज के लिए स्थगित किया गया। आज टीम ने सभी बचाव इकाईयों के साथ समन्वय स्थापित कर सर्च एंड रैस्क्यू ऑपरेशन चलाया।टीम ने पहले मलुवा को जे.सी.बी.मशीन की मदद से हटाया और फिर कटर की मदद से गाड़ी को काटकर सवारियों को बाहर निकाला। वाहन संख्या यू.के.05 सी ए 3803 में सवार सभी सात लोगों की जान जा चुकी थी। शवों को उनके रिश्तेदारों को सौंप दिया गया।मृतकों में 60 वर्षीय तुलाराम, 57 वर्षीय आशु देवी, 36 वर्षीय किशन सिंह, 13 वर्षीय कुलु, 12 वर्षीय कशी, 16 वर्षीय नितिन और अज्ञात नैपाली मजदूर थे। ये सभी मृतक पिथौरागढ़ जिले में नपलच्यु गांव के रहने वाले थे।



## पेज एक का शेष...

**मोदी के आगमन से** ...लैंडिंग और आठ बजे के करीब जागेश्वर मंदिर में पूजा के बाद करीब 9:30 बजे पिथौरागढ़ की रवानगी का समय तय बताया जा रहा था। मंगलवार देर शाम उनके कार्यक्रम में बदलाव की जानकार मिली। सूत्रों के मुताबिक दिन के समय बादल के साथ धुंध छाने से आदि कैलाश के दर्शन दुर्लभ होते हैं। हिमालय के नजदीक होने से धुंध छाने की संभावना देखते हुए उनके कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। आदि कैलाश, जागेश्वर धाम और पिथौरागढ़ जिला मुख्यालय में आयोजित जनसभा की सभी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई हैं। ऐसे में अधिकारियों का कहना है कि पीएम के कार्यक्रम में आंशिक बदलाव से व्यवस्थाओं में कोई खास बदलाव नहीं करना होगा। अल्मोड़ा डीएम विनीत तोमर ने बताया कि पीएम के कार्यक्रम में बदलाव की संभावना है।

**एनएच चौड़ीकरण**...फ्री होल्ड भवन भी शामिल है। मेन रोड व सर्विस रोड बनाये जाने के फलस्वरूप दुकान / भवन अधिग्रहण होने से समव्यापारियों को भारी आर्थिक क्षति होगी। रोड के दोनों तरफ के व्यवसायी 40-50 वर्षो से व्यवसाय करते आ रहे हैं इन दुकान के अतिरिक्त उनकी आजीविका का अन्य कोई स्रोत नहीं है। जी-20 समिट से पूर्व सड़क के दो तरफ 72-72 फिट जगह अधिग्रहीत की गयी थी। अब पार्क को बनाये जाने हेतु बढ़ाकर 100-100 फिट करने का प्रस्ताव हुआ है। जो कि न्यायोचित नही है। विकास शर्मा ने व्यापारियों के हितों को देखते हुए मुख्यमंत्री से इन्द्रा चौक से अटरिया मंदिर रोड, आवास विकास तक मुख्य रोड व सर्विस रोड के साथ पार्क ना बनाये जाने का आग्रह किया। विकास शर्मा के अनुरोध पर मुख्यमंत्री धामी ने सचिव लोक निर्माण विभाग को मामले में आवश्यक कार्यवाही के लिए लिखित निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद भाजपा प्रदेश मंत्री ने कहा की मामले में मुख्यमंत्री ने चौड़ीकरण की जड़ में आ रहे व्यापारियों के प्रति पूरी सहानुभूति दिखाई है क्योंकि मामला एनएच से जुड़ा है इसलिए अब अब सचिव लोक निर्माण विभाग द्वारा इस संबंध में केंद्र से पत्राचार किया जाएगा। पूरी उम्मीद है कि व्यापारियों को केंद्र से भी राहत मिलेगी। इसके लिए आगे भी प्रयास जारी रहेगा।

**चुनाव की तैयारियों** ....स्थल की और कूंच कर गया। मार्ग में कई स्थानों पर प्रदेश अध्यक्ष के काफिले का स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। ढोल नगाड़ों के बीच उदय राज हिंदू इंटर कॉलेज के प्रेक्षागृह पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यक्रम स्थल पर ध्वजारोहण किया। वंदे मातरम के बाद पारंपरिक परिधान में सजी पार्टी की महिला कार्यत्रियों ने कुमाऊं मंडल स्तरीय सम्मेलन में पहुंचे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का तिलक लगाकर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। मंच पर स्थान ग्रहण करने के बाद प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने अपने उद्बोधन में पार्टी कार्यकर्ताओं से सभी भेदभाव बुलाकर वैचारिक रूप से एक जुटता की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदेश ही नहीं वरन समूचे देश में परिवर्तन की लहर है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से इसके राज काज से देश व प्रदेश की जनता त्रस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कमर तोड़ महंगाई पर्वतीय इलाकों से लगातार चल रहे पलायन बेरोजगारी की बढ़ती समस्या कल कारखानों का लगातार बंद होना भारतीय जनता पार्टी को पतन के कगार पर ले जाने के लिए काफी है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश की जनता भाजपा शासन से आजिज आ चुकी है। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि एक बार फिर से प्रदेश वह देश की सत्ता पर कांग्रेस का परचम फहराएगा। उन्होंने इसके लिए कार्यकर्ताओं से अपील किया कि वह आपस में एक जुट होकर 2024 के संसदीय चुनाव तथा सन्निकट निकाय चुनावों की तैयारी में अभी से जुट जाए। इस मौके पर पूर्व सांसद के सिंह बाबा, प्रेमानंद महाजन, चक्रेश जैन, युवा कांग्रेसी नेता अर्पित मेहरोत्रा, कांग्रेस के प्रदेश सचिव अरुण चौहान, शेख अब्दुल अजीज कुरैशी, पूर्व नगर अध्यक्ष संदीप सहगल, समेत बड़ी तादात में सेवादल महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

**हादसे में घायल**...एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान आज सुबह लगभग 7:00 बजे जीवन मृत्यु से संघर्ष करते हुए फैक्ट्री श्रमिक ने दम तोड़ दिया। परिजनों को मामले की जानकारी मिलने पर उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के हवाले कर दिया। मृतक के एक वर्ष का पुत्र देव है। घटना के बाद से मृतक की पत्नी व उसके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। रोड एक्सीडेंट की इस घटना में आईजीएल कर्मी के सिर व गले में गंभीर चोटें आई। मृतक परिजनों ने बताया कि मुरादाबाद रोड स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में घायल को भर्ती करने के बाद चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर उसके गले में नली डाल दी थी। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि कदाचित घायल युवक की मृत्यु देर रात हो गई थी लेकिन चिकित्सकों ने इसकी जानकारी सुबह दी।

**उत्तराखंड में जियोलाजिकल**...भ्रमण किया और तकरीबन सात जगह से लाइमस्टोन के सैंपल भी कलेक्ट किए हैं। लाइमस्टोन का सैंपल कलेक्ट करने वाले वाली प्रमुख सीमेंट कंपनियों में जेके सीमेंट, श्रीसीमेंट और बांगर सीमेंट, अडानी समूह की अंबुजा एवं एसीसी सीमेंट तथा अल्ट्राटेक सीमेंट जैसी नामी कंपनियां शामिल है ।माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिथौरागढ़ दौरे के दौरान पिथौरागढ़ जिले में इस उद्योग की स्थापना को लेकर कोई बड़ा ऐलान किया जा सकता है । बताने की जरूरत नहीं कि अगर यह अपेक्षित ऐलान होने पाया तो यह पिथौरागढ़ जैसे पर्वतीय जिले के हजारों बेरोजगारों के लिए रोजगार की नई संभावनाओं के द्वारा तो खोलेगा ही, साथ ही सीमेंट उद्योग के राष्ट्रीय मानचित्र में उत्तराखंड का स्थान भी सुनिश्चित करेगा।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

गुरू मां

# उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS

DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR

गर्मियों में ठंड जैसी राहत

गुरू मां

36 महीने तक की EMI उपलब्ध

Budget Ac

Premium Split Ac

Mid-Range Split Ac

Heavy-Duty Split Ac

Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

**Easy EMI** Options Available

गुरू मां

# GURU MAA ENTERPRISES

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - **8791989500, 9927882338**